जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

24 सितंबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया ने राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह मनाया**

डीसीआई के निर्देशानुसार जामिया मिल्लिया इस्लामिया के दंत चिकित्सा संकाय द्वारा पहली बार "रोगी सुरक्षा के लिए एडीआर रिपोर्टिंग संस्कृति का निर्माण" की थीम के साथ राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह (दिनांक 17 से 23 सितंबर 2024) मनाया गया। इस कार्यक्रम का सार जामिया मिल्लिया इस्लामिया में भारत के फार्माकोविजिलेंस कार्यक्रम के बारे में जागरूकता फैलाना था।

फार्माकोलॉजी के संकाय सदस्यों ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया में 7 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन और समन्वय किया। मुख्य कार्यक्रम 17 सितंबर 2024 को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता थी जिसमें 26 टीमों ने समूह के रूप में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया और 5 ने एकल भागीदारी हेतु पंजीकरण कराया। फिजियोथेरेपी और पुनर्वास विज्ञान केंद्र, डीडीयू कौशल केंद्र जेएमआई, संस्कृत विभाग, कंप्यूटर विज्ञान विभाग और प्रबंधन अध्ययन विभाग (स्वास्थ्य और फार्मास्युटिकल) के छात्रों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अपना उत्साह दिखाया। निर्णायकों की 4 टीमों ने इस कार्यक्रम का निर्णय किया।

दिनांक 18 सितंबर 2024 को फार्माकोलॉजी द्वारा लाइब्रेरी हॉल में "प्रतिकूल दवाओं/टीकों/सौंदर्य प्रसाधनों/उपकरणों की रिपोर्टिंग और प्रतिकूल दवा निगरानी केंद्र (एएमसी) की स्थापना की आवश्यकता" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला कार्यशाला का आयोजन किया गया। लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और संबद्ध अस्पतालों के अतिथि वक्ता, निदेशक प्रोफेसर (प्रो) डॉ. हरमीत सिंह रेहान ने कार्यशाला में वक्तव्य दिया । सभी हितधारकों (संकाय सदस्य, छात्र, पैरामेडिकल स्टाफ, तकनीकी कर्मचारी एवं आम जनता) सहित कुल 155 प्रतिभागियों ने इस जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया।

उद्घाटन सत्र की शुरुआत प्रो. केया सरकार, डीन के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने उपस्थित लोगों को रोगी सुरक्षा के लिए फार्माकोविजिलेंस के महत्व के बारे में जानकारी दी, जिसके बाद अतिथि वक्ता और आयोजन टीम को सम्मानित किया गया।

आयोजन अध्यक्ष, प्रो. (डॉ) दीप इंदर ने सात दिवसीय उत्सव कार्यक्रम में शामिल किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई और अतिथि वक्ता का परिचय कराया।

अतिथि वक्ता डॉ. हरमीत सिंह रेहान ने प्रतिभागियों के विविध समूह को ध्यान में रखते हुए रोगी सुरक्षा के लिए एडीआर फॉर्म भरने और रिपोर्टिंग पर व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ-साथ बहुत ही प्रासंगिक और सरल तरीके से अपनी बात रखी।

आयोजन सचिव प्रोफेसर (डॉ.) मोहम्मद फैज अकरम और अतिथि वक्ता द्वारा व्यावहारिक प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की गई।

दिनांक 17 सितंबर 2024 को आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को डीन और फार्माकोलॉजी, दंत चिकित्सा संकाय के आयोजन दल द्वारा पदक एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

कार्यशाला के विविध दर्शकों के सामने अतिथि वक्ता और आयोजन दल द्वारा एडीआर की रिपोर्टिंग के बारे में जागरूकता के बारे में हिंदी में पैम्फलेट का लोकार्पण किया गया।

उद्घाटन समारोह का समापन आयोजन सचिव प्रो (डॉ.) सीमा मानक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पूरे विश्वविद्यालय से पधारे गणमान्य व्यक्तियों, सम्मानित वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

समारोह के अंतर्गत दिनांक 19 से 23 सितंबर 2024 तक दंत चिकित्सा संकाय में जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके उपरांत जामिया के एम.ए. अंसारी स्वास्थ्य केंद्र, डीडीयू कौशल केंद्र, फिजियोथेरेपी और पुनर्वास केंद्र, बॉयज छात्रावास और गर्ल्स छात्रावास, का दौरा किया गया जहाँ फार्माकोलॉजी के संकाय सदस्यों द्वारा एक संक्षिप्त व्याख्यान के बाद पर्चे वितरित किए गए।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया में आयोजित कार्यक्रमों से प्रतिभागी बहुत संतुष्ट हुए और उन्होंने उत्साहपूर्वक अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया एवं सुझाव साझा किए कि आम जनता के स्वास्थ्य से जुड़ी ऐसे कार्यक्रमों को बार-बार आयोजित किया जाए। सभी पंजीकृत प्रतिभागियों को कार्यशाला में भाग लेने के प्राइटभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

जनसंपर्क कार्यालय<br>
जामिया मिल्लिया इस्लामिया